तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

हड़ताल, 22 समितियों के पीडीएस दुकानों में एक पखवाड़े से खाद्यान्न का वितरण है ठप्प




## खबर संक्षेप

### सुरेश बने पहले आदिवासी आईएएस, बिना कोचिंग के मिली सफलता



**कोरबा।** जिले के पाली विकासखंड के परसदा गांव के सुरेश जगत ने राज्य गठन के बाद पहले आदिवासी आईएएस अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया है। वर्ष 2018 की यूपीएससी परीक्षा में 556वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने पश्चिम बंगाल कैडर हासिल किया और वर्तमान में वे दार्जिलिंग में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर सेवाएँ दे रहे हैं। सुरेश जगत ने अपनी शिक्षा की शुरुआत गांव के प्राथमिक स्कूल से की। वे आगे चलकर 12वीं बोर्ड में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में पाँचवें स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने एनआईटी रायपुर से इंजीनियरिंग की और करियर की कई बड़ी संभावनाओं के बीच भी प्रशासनिक सेवा को लक्ष्य बनाया। इंजीनियरिंग के बाद उनका चयन ओएनजीसी, एनटीपीसी, आईईएस और आईआरटीएस जैसे विभागों में हुआ, लेकिन आईएएस बनने के सपने ने उन्हें इन सभी नौकरियों को ठुकराने के लिए प्रेरित किया। सुरेश ने बताया कि उन्होंने पूरी तैयारी बिना किसी कोचिंग के की। शुरुआती दो प्रयास हिंदी माध्यम में असफल रहे। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी माध्यम अपनाया। चौथे प्रयास में उन्होंने यूपीएससी में शानदार सफलता हासिल की।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

### धान खरीदी की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी अवधि के दौरान धान खरीदी से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारियों के रूप में नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभाग कोरबा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा सरोज महिलांगे, अनुविभाग कटघोरा के लिए तन्मय खन्ना (आईएएस), अनुविभाग पोड़ी-उपरोड़ा के लिए तुलाराम भारद्वाज तथा अनुविभाग पाली के लिए श्रीमती सीमा पात्रे को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

### वनमंडल कोरबा व करतला रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा व करतला रेंज में 41 की संख्या में हाथी दो झुंडों में घूम रहे हैं। एक झुंड में 29 हाथी जो करतला रेंज के नोनबिर्रा सर्किल पहुंच गया है। वहीं कोरबा रेंज के बासिनखार में 12 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों के इन दोनों ही झुंड ने बीती रात जमकर उत्पात मचाते हुए कई स्थानों पर धान की फसल तहस-नहस कर दिया है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज में भी हाथी की समस्या जारी है।

## सरगना युवतियों से बात करने लुटाता था अपनी काली कमाई का पैसा

# चोर गिरोह का फूटा भांडा, 7 आरोपियों से 14 चोरी की मोटर साइकिल जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त मोटरसायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भांडा फोड़ किया है। इस गिरोह का सरगना जो अपने घर परिवार को छोड़कर अकेले रहता था और पिछले कई सालों से चोरी के काले कारनामे को अंजाम देकर सोशल मीडिया में युवतियों से मोबाइल में बात करने के लिए चोरी के पैसे को उनके फोन पे पर ट्रांसफर किया करता था ताकि युवती उसे सोशल मीडिया पर बात करते रहें। इस गिरोह का सरगना अपने काली कमाई के पैसों को खाने पीने व मौज मस्ती के अलावा लड़िकयों पर ही लुटाया करता था। पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्यों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गये गिरोह से पुलिस ने डेढ़ दर्जन मोटर सायकल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा अवैध कारोबारी व कबाड़ चोरों व मोटर सायकल चोरी करने वाले गिरोह से कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया था। विगत दिनों एसईसीएल के अफसर मोहम्मद असलम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि एसईसीएल दीपका खदान से अज्ञात चोरों ने खदान में घुसकर रोलर की चोरी की है। जिसपर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटे हुए थे। इस बीच दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबीर से सूचना मिली कि दीपका क्षेत्र में रहने वाला जय सिंह पटेल ने संभवतः खदान में रोलर की चोरी की है। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही जयसिंह पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एसईसीएल दीपका खदान से रोलर के साथ साथ जिले के दीपका थाना, कुसमुंडा थाना एवं सर्वमंगला चौकी क्षेत्र से मोटरसाइकिल की चोरी करने की बात बतायी। यह बात सुनते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के कान खड़े हो गए और उन्होंने तत्काल सिद्धार्थ तिवारी को इससे अवगत कराया और पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के आधार पर पुलिस की टीम ने मामले की गंभीरता से तहकीकात शुरु की और आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के कुल 14 मोटरसाइकिल को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस चोरी के मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो एक गिरोह बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थ और औने पौने दामों में मोटर सायकल को खपाया करते थे। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि इस गिरोह का सरगना सिविल लाईन थाना निवासी कोहड़िया निवासी जयसिंह पटेल उम्र 27 वर्ष पिता मोहन सिंह पटेल है जो पिछले कई वर्षों से अपने घर को छोड़कर दीपका क्षेत्र में ही रहता है और खदानों में घुसकर कबाड़ व कॉलोनी क्षेत्रों से मोटर सायकल की चोरी करता था और कबाड़ व बाइक को बेचकर ज्यादातर पैसे को अय्याशी में खर्च किया करता था। पूछताछ के दौरान उसने जो खुलासा किया है वह चौकाने वाला है। जय सिंह खाली टाइम में सोशल मीडिया में एक्टिव रहता था और युवतियों से बात करने व फोन पर चैट करने के लिए अपनी काली कमाई की पैसों को उनके फोन पे में ट्रांसफर किया करता था। आरोपी जयसिंह 10 अपराध में वाटेंड था।

### ये गिरोह के सदस्य

पुलिस ने रोलर चोरी व मोटर सायकल के मामले में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह का सरगना सिविल लाईन थाना कोहड़िया निवासी जयसिंह पटेल पिता मोहन सिंह पटेल उम्र 27 वर्ष, नया बस स्टैंड पाली थाना पाली निवासी अनस खान पिता चांद खान उम्र 24 वर्ष, रेनापुर थाना दीपका निवासी शिवचरण पिता स्व जगन राम उम्र 31 वर्ष, झाबर दीपका निवासी रामप्रसाद रोहिदास पिता किरीत राम उम्र 25 वर्ष, चैनपुर दीपका निवासी लालजी यादव पिता स्व राम सिंह यादव उम्र 30 वर्ष, ज्योति नगर दीपका इमरान अंसारी पिता शमीम अंसारी उम्र 21 वर्ष एवं देवारपारा बलोदा जिला जांजगीर चांपा सुनील देवार पिता राजेंद्र देवर उम्र 25 वर्ष शामिल हैं।

### जंगल झाड़ियों में छुपाकर रखते थे मोटर सायकल

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने पुलिस ने बताया कि मोटर सायकल चोर गिरोह के सदस्य इतने शातिर हैं कि अलग अलग क्षेत्रों में घूमते रहते थे और हाट बाजारों में सूनापन पाते ही पलक झपकते ही मोटर सायकल का लॉक तोड़कर चोरी कर फरार हो जाते थे और चोरी के चंगुल से बचने के लिए मोटर सायकल को जंगल झाड़ियों में या फिर अन्य स्थानों में छोड़कर आ जाया करते थे और समय देखकर एक एक गाड़ी को निकालते थे और औने पौने दामों में ग्राहक देखकर खपा दिया करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के कुल 14 मोटर सायकल बरामद किया है। जिसमें जंगल झाड़ियों के अलावा कुसमुंडा रेलवे स्टेशन से भी बरामद किया गया है।

# वन विभाग के अधिकारी के घर लाखों की चोरी



चोरी के बाद बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात चोरों ने वन विभाग के तकनीकी अधिकारी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवराज सहित लाखों का माल पार कर दिया है। तकनीकी अधिकारी ने इस मामले की लिखित शिकायत सिविल लाईन पुलिस से की है। चोरी की सूचना पर पुलिस अधिकारी और डॉग स्वाक्ड की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के कॉलोनी में तकनीकी अधिकारी विनोद कुमार ध्रुव परिवार सहित निवास करते हैं। बताया जाता है कि कुछ माह पहले ही श्री ध्रुव का तबादला बिलासपुर हो गया था जिसके बाद वह अपने परिवार सहित बिलासपुर चले गए थे और बीच-बीच में कोरबा स्थित घर में आना जाना करते थे। सोमवार की सुबह आसपास में रहने वाले लोगों ने देखा कि श्री ध्रुव के घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना विनोद कुमार को दी। चोरी की सूचना पर श्री ध्रुव अपने परिवार सहित कोरबा पहुंचे और इसकी शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की गई। चोरी की सूचना पाते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना, खोजी डॉग बाघा व अन्य जांच अधिकारियों के टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस के अधिकारियों ने मामले की जांच शुरु कर दी है। विनोद कुमार ध्रुव के मुताबिक चोरों ने उनके घर के कमरों को बड़े आराम से कंगाल है और कमरे के सभी अलमारी व दीवान में रखे सोने चांदी के जेवराज सहित लगभग साढ़े तीन लाख रुपए का माल पार कर दिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की धरपकड़ शुरु कर दी है।

### खास बात

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वन विभाग की कालोनी में हुई चोरी की वारदात

# भूविस्थापितों ने किया घेराव, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




घेराव करते भूविस्थापित।

एसईसीएल के सीएमडी कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कुसमुंडा क्षेत्र के दौरे पर रविवार की शाम पहुंचे और लगभग 7 बजे रात के समय कुसमुंडा गेस्ट हाउस में अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इसकी जानकारी होते ही भूविस्थापितों ने बड़ी संख्या में किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में एसईसीएल के सीएमडी का कुसमुंडा गेस्ट हाउस में घेराव कर दिया और रोजगार की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। इस दौरान भूविस्थापितों ने सीएमडी से बात कर समस्याओं के समाधान की मांग करने लगे काफी देर नारेबाजी होते रही उसके बाद कुसमुंडा महाप्रबंधक के द्वारा नवंबर के अंत में सीएमडी के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया उसके बाद घेराव समाप्त हुआ।

एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन रविवार की शाम एसईसीएल कुसमुंडा खदान के दौरे में पहुंचे हुए थे जहां उन्होंने खदान का निरीक्षण किया और अधिकारियों से चर्चा करने के लिए कुसमुंडा गेस्ट हाउस पहुंचे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भूविस्थापित कुसमुंडा गेस्ट हाउस जा पहुंचे और गेस्ट हाउस का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा की एसईसीएल की जन विरोधी नीतियों से परेशान ग्रामीणों ने अब किसान सभा के नेतृत्व में आरपार की लड़ाई लड़ने का संकल्प ले लिया है। भूविस्थापित संघ के दामोदर श्याम और रघु यादव ने कहा है कि अधिकारियों का ध्यानाकर्षण पहले भी कई बार कराया गया था पिछले कई बैठक में दिए गए आश्वाशन पर क्षेत्रीय महाप्रबंधकों और बिलासपुर के अधिकारियों द्वारा सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया और भूविस्थापितों की समस्याओं का जल्द निराकरण की मांग की और भूविस्थापितों से कहा की एसईसीएल की नीतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का समय आ गया है भूविस्थापितों के समस्या का समाधान नहीं होने पर कोयला से जुड़े किसी भी अधिकारी के दौरे का विरोध किया जाएगा। उत्पादन बढ़ाने से पहले भूविस्थापितों के समस्याओं का समाधान करना ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बातें

- रविवार को कुसमुंडा खदान के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे सीएमडी
- अधिकारियों ने नवंबर के अंतिम सप्ताह में बैठक कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन







## खबर संक्षेप

### मकान के सेकेंड फ्लोर में आग, मचा हड़कंप



**बिलासपुर।** टिकरापारा में एक मकान के सेकेंड फ्लोर में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। संकरी गली होने से पाइन लाइन जोड़कर आग पर काबू पाया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात 8.15 बजे सूचना मिली कि टिकरापारा खटिक मोहल्ला मुर्गी गली निवासी राघवेन्द्र उर्फ बंटी ठाकुर के मकान में आग लग गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मकान के सेकेंड फ्लोर में आग लगी हुई थी और मौके पर लोगों की भीड़ थी। लोग आग बुझाने के प्रयास कर रहे थे। इधर सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। संकरी गली होने से दमकल मकान तक नहीं जा पाई। पाइप लाइन जोड़कर टीम आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। एक घण्टे बाद आग पर काबू पा लिया गया है। सेकेंड फ्लोर के हाल में रखे फर्नीचर व अन्य सामान जल गए हैं।

### गाली देने से मना किया युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने से युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, शांतिनगर देवार मोहल्ला निवासी पूर्णिमा पति देवेन्द्र कनसाना ने रिपोर्ट लिखाई। 17 नवंबर की सुबह 7.30 बजे वे सेंवई खरीदने के लिए किराना दुकान गई थीं। वहां पर उनके पति देवेन्द्र के साथ प्रियनाथ उर्फ अण्डा विवाद कर रहा था। वे बीच बचाव करने गई तो प्रियनाथ दोनों के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर प्रियनाथ उर्फ अण्डा ने उनके पति पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296,351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रावत नाचा देखने गए युवक की स्कूटी चोरी

**बिलासपुर।** रावत नाचा देखने गए युवक की स्कूटी को चोरों ने पार कर दिया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मंगला चौक शिक्षक कालोनी ग्रीन गार्डन निवासी पवन सिंह पिता अजय सिंह 15 नवंबर को दोस्त नवीन यादव, अजय राजपूत के साथ अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 ईएन, 7471 से रावत नाचा देखने लाल बहादुर स्कूल गए थे। उन्होंने अपनी स्कूटी खोवा मंडी के पास खड़ी की थी। रावत नाचा देखने के बाद वापस में आए तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने पवन सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**प्राचार्यों ने दावा-आपत्ति के लिए समय मांगा, 19 नवंबर तक का समय** | **एक बार फिर 17 नवंबर से होने वाली प्राचार्यों की काउंसिलिंग टली**

# 80 फीसदी स्कूलों में प्राचार्यों की कमी, 126 रिटायर भी हो गए, इससे शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेशभर के पदोन्नत हुए प्राचार्यों की काउंसिलिंग 17 नवंबर से होने वाली थी। लोक शिक्षण संचलनालय ने इस काउंसिलिंग को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

जारी आदेश में बताया गया कि कुछ प्राचार्य दावा-आपत्ति पेश करना चाहते हैं। इसे देखते हुए 17 से 19 नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाए गए हैं। इसके निराकरण के लिए 5 सदस्यों की समिति भी बना दी गई है। इधर प्रदेश भर के 80 प्रतिशत स्कूलों में प्राचार्यों की कमी बनी हुई है तो 126 तो ऐसे हैं जो पात्र होने के बाद भी अपनी बारी का इंतजार करते हुए रिटायर भी हो गए हैं। गौरतलब है कि 17 नबंबर से प्राचार्य ई-संवर्ग की काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारम्भ होनी थी। अब लेकिन इसे स्थगित कर संचालनालय में 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के लिए समिति गठित की गई है। समिति में बी. एल. देवांगन उप संचालक प्रभारी अधिकारी, एच. सी. दिलावर सहायक संचालक , सदस्य, राम जी पाल सहायक संचालक सदस्य सूरज यादव सहायक वर्ग -3, कृष्ण कुमार मेश्राम सहायक वर्ग -3 सदस्य को शामिल किया गया है। समिति 21 नवम्बर को सभी दावा आपत्ति का निराकरण कर अपनी रिपोर्ट संचालक लोक शिक्षण को प्रस्तुत करेगी . इसके बाद काउंसिलिंग की तिथि अलग से जारी की जाएगी।

### प्रिंसिपल प्रमोशन में शिक्षाकर्मियों का संघर्ष

गौरतलब है कि प्रिंसिपल प्रमोशन में शिक्षाकर्मियों का संघर्ष लंबे समय से जारी है। शिक्षाकर्मियों और एलबी संवर्ग को पदोन्नति से बाहर रखने की कोशिशें हो रही थीं। पहले सरकार ने 25% पदों पर शिक्षाकर्मियों को प्राचार्य बनाने का प्रावधान किया था। लेकिन यह पूरी तरह से लागू नहीं हो सका। एलबी संवर्ग के संविलियन के बाद शासकीय व्याख्याताओं के लिए जारी डीपीसी को निरस्त करा दिया। पदोन्नति के लिए वन टाइम रिलेक्सेशन (5) साल की जगह 3 साल का अनुभव) लागू हुआ लेकिन इसका फायदा एलबी संवर्ग को नहीं मिला। इसके लिए शिक्षक संघ के संजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी। सिंगल बेंच में हार के बाद, डबल बेंच में अपील की गई। अनुभव के 5 साल पूरे न मानने पर याचिका दायर की गई। अंत में, 5 साल का अनुभव पूटा होने के बाद मामला मजबूत हुआ।

### प्राचार्य पदोन्नति पारदर्शी व निष्पक्ष हो

छ ग शालेय शिक्षक संघ के संजय शर्मा और वीरेंद्र दुबे ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में कुछ व्याख्याता अपनी प्रथम नियुक्ति छुपाकर गलत तरीके से अपना पदोन्नति लिस्ट में स्थान पाने में सफल हुए है। पदोन्नति लिस्ट को परीक्षण करने के पश्चात ही काउंसलिंग किया जाए। अंतर्नियोक्ता स्थानांतरण के बावजूद प्रथम नियुक्ति तिथि से वरीष्ठता प्रदान कर पदोन्नति देना नियम विरुद्ध है। संगठन ने मांग की है कि किसी भी स्थिति में नियम विरुद्ध पदोन्नति न हो यह विभाग सुनिश्चित करे।

### बिना पोस्टिंग रिटायर हुए 126 प्रिंसिपल<B>

दूसरी ओर इस प्रक्रिया में देरी के कारण 30 अप्रैल को पदोन्नत हुए 126 प्राचार्य विना पोस्टिंग के रिटायर हो गए। इस महीने लगभग 24 और प्राचार्य रिटायर होने वाले हैं। शिक्षक संगठनों के मुताबिक बिना काम संभाले रिटायर होना शिक्षा विभाग की बड़ी खामियों को दिखाता है। दूसरी ओर पिछले दस सालों से हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य की भारी कमी है। अब लगभग 80% स्कूलों में प्राचार्य नहीं हैं। इन स्कूलों का काम प्रभारी प्राचार्यों, व्याख्याताओं और वरिष्ठ शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। इससे शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। संकुल और शाला प्रबंधन भी कमजोर हो रहा है।

**एनएसयूआई के घेराव में शामिल हुए विधायक लहरिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष केसरवानी**

# सीयू में एनएसयूआई ने किया जमकर बवाल, घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार को पूरे दिन बवाल मचा रहा। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी के एक छात्र को निष्कासित किए जाने एवं हास्टल के छात्र की संदिग्ध मौत मामले को लेकर यूनिवर्सिटी का घेराव किया। इस दौरान जमकर धक्कामुक्की के साथ हंगामा भी हुआ। इस घेराव में कांग्रेस के मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी समेत कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भीड़ शामिल रही।

- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं व पुलिस वालों के बीच जमकर धक्कामुक्की

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई ने आज जमकर बवाल मचाया। एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी गेट के पास बनाए गए मंच तक पहुंचे। वहां पर छोटी सी सभा भी हुई। इसके बाद हाथों में एनएसयूआई का झंडा लेकर कार्यकर्ताओं की भीड़ सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर गई, जहां बेरिकेड को पार कर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं मेनगेट तक पहुंच गए। मेनगेट पर पहले ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गाड्र्स द्वारा ताला बंद कर दिया गया था। गेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी इसलिए पुलिस वालों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू समेत एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता मेनगेट के सामने ही नीचे जमीन पर धरने में बैठ गए। करीब दो घंटे तक यह घेराव, हंगाम चलता रहा और एनएसयूआई कार्यकर्ता कुलपति से बात करने अड़े रहे, किन्तु कुलपति आलोक चक्रवाल के बाहर होने के कारण यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से अधिकारियों ने आकर बात की।



सेंट्रल यूनिवर्सिटी के गेट के ऊपर चढ़कर अंदर जाने का प्रयास करते कार्यकर्ता।



### लाठीचार्ज की अफवाह पर भागे कार्यकर्ता

यूनिवर्सिटी के घेराव के दौरान एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता झंडे में लगे प्लास्टिक की पतली पाईप को पुलिस वालों के ऊपर फेंक रहे थे। इसी बीच किसी ने लाठीचार्ज की अफवाह उड़ा दी जिससे घेराव में पीछे की ओर खड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ अचानक पीछे की ओर भागने लगी। कुछ दूर भागने के बाद उन्हें फिर वापस बुलाया गया। यह देख पुलिस वाले भी हंसने से अपने आपको रोक नहीं पाए।

### प्रदर्शनकारियों व प्रबंधन के बीच हुई बातचीत

सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. शैलेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रो. मनीष श्रीवास्तव एवं प्रॉक्टर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने आए। एनएसयूआई की ओर से प्रमुख रूप से यूनिवर्सिटी से निष्कासित छात्र सुदीप शास्त्री का निष्कासन रद्द किए जाने और छात्र अर्सलान अंसारी की मौत मामले में जांच एवं एफआईआर सहित सुरक्षा व्यवस्था संबंधी मांग रखी गई। इस पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि छात्र अर्सलान अंसारी के मौत मामले में जांच समिति गठित हो गई है और वह अपना काम कर रही है साथ ही पुलिस जांच भी चल रही है। छात्र सुदीप शास्त्री के निष्कासन को रद्द करने की मांग पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बताया कि निष्कासन का फैसला विद्या परिषद के स्थाई समिति द्वारा लिया गया था, जिसकी बैठक 22 नवंबर को होने वाली है इसलिए यह मुद्दा बैठक में रखा जाएगा।

### सीयू में बदले गए हास्टल अधीक्षक

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार शाम को हास्टल अधीक्षकों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। हांलाकि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा हास्टलों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के दृष्टि से फेरबदल बताया जा रहा है। लेकिन इस फेरबदल को यूनिवर्सिटी में हाल की घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे द्वारा सोमवार शाम को जारी आदेश के अनुसार छात्रावासों की विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए सक्षम अनुमोदन उपरांत स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास के प्रशासनिक अधीक्षक एवं अधीक्षकों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत डॉ. महेश सिंह ढपोला सह आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग के स्थान पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो. निशांत यादव उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रो. जय सिंह आचार्य भौतिकी विभाग को स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास के अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। डॉ. संजय कुमार भारती सह आचार्य फार्मेसी विभाग के स्थान पर फार्मेसी विभाग के ही आचार्य प्रो. जगदीश सिंह स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ. अमरेन्द्र कुमार सह आचार्य वाणिज्य विभाग के स्थान पर वाणिज्य विभाग के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. कुमार आदित्य को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक अग्निवेश पाण्डेय के स्थान पर इलेक्ट्रानिक्स कंम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रवण कुमार पटेल को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

## आदिवासी समाज की संस्कृति जीवन मूल्यों का आधार: कौशल्या



**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम फारापखना ग्राम पंचायत कपोट में विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान रिमोट एरिया में रह रहे ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें चिकित्सको और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। ज़रूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण किया गया।

- विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने अतिथियों एवं ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की प्रथम महिला कौशिल्या विष्णु देव साय उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के नहीं बल्कि पूरे भारत के महानायक हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष और नेतृत्व से समाज को जागृति, स्वाभिमान और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, उनके रीति-रिवाज और प्रकृति के प्रति सम्मान भारतीय जीवन मूल्यों का आधार हैं। श्रीमती साय ने स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र मेला, कंबल वितरण और समरसता भोज जैसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जनसेवा का माध्यम हैं बल्कि समाज को जोड़ने वाली कड़ी भी हैं। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में अति विशिष्ट अतिथि तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर,विशिष्ट अतिथि रंजिता साहू तथा अध्यक्षता रामकुमार आयम सरपंच की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सह-संयोजक के रूप में जितेंद्र साहू का योगदान उल्लेखनीय रहा। मंच संचालन सुनील जायसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलेश्वर, राजाराम, बलराम, करण, मुकेश, सतीश, आनंद का भरपूर सहयोग रहा, अंत में आभार प्रदर्शन दीपक सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

## नो एंट्री में रेत से भरे हाइवा ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


बीती रात नो एंट्री में शहर के अंदर प्रवेश करने वाले रेत से भरे हाइवा के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी थी, हादसे में युवक की जान चली गई थी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

16 नवंबर की शाम 6.45 बजे देवरीखुर्द निवासी राधेश्याम सिदार पिता मंशाराम सिदार 45 साल स्कूटी से जा रहे थे। पुराना पावर हाउस चौक के पास मस्तूरी की ओर से रेत लेकर आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीपी, 9348 के चालक मुलमुला करूमहु निवासी चंद्रेशखर यादव पिता जंतुराम 41 साल ने नो एंट्री में शहर के अंदर प्रवेश कर तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार राधेध्याम को चपेट में ले लिया। पिछले चक्के की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। जांच में खुलासा हुआ हाइवा नो एंट्री में घुसा था और रेत परिवहन के संबंध में रायल्टी प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया। चालक के द्वारा कोई रेत संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 बी के तहत जुर्म दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194 के तहत कार्रवाई की गई है।

### तोरवा, मस्तूरी क्षेत्र में हो रहा अवैध रेत परिवहन

तोरवा क्षेत्र के दोमुहानी, ढेंका, मानिकपुर, देवरीखुर्द पंप हाउस घाट व मस्तूरी क्षेत्र के दर्रीघाट, लावर से बेखौफ अवैध रूप से पोकलेन जेसीबी लगाकर नदी से रेत निकाली जा रही है। इन क्षेत्रों से रात भर भारी वाहन व ट्रैक्टर से अवैध रेत का परिवहन कराया जा रहा है। ऐसा नहीं कि इन घाटों की जानकारी खनिज विभाग व संबंध क्षेत्र के पुलिस को नहीं है। सांठगांठ से रात में रेत चोरी का खेल खेला जा रहा है।

### कुंआ में डूबकर बालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बिलासपुर।** खेलते समय कुंआ में गिरने से बालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार,ग्राम भैंसाझार निवासी चिराग खुसरो पति छबि खुसरो 7 साल 15 नवंबर को दोपहर में खेलते खेलते कुंआ में गिर गया। काफी समय तक नजर नहीं आया तो परिजन खोजने लगे। इस दौरान बच्चे के डूबने की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोग किसी तरह से बच्चे को बचाने के लिए जुटे रहे। वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ गई। काफी मशक्कत के बाद कुंआ में तलाश करने पर बालक की लाश मिली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से आरक्षक घायल

बिलासपुर। बाइक सवार आरक्षक को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक घायल हो गया है। पुलिस ने दूसरे बाइक सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, चकरभाठा पुलिस कालोनी निवासी आरक्षक सुनील कुमार सूर्यवंशी पिता सीताराम सूर्यवंशी मस्तूरी थाने में पदस्थ है। 14 नवंबर की सुबह वे बाइक क्रमांक सीजी 10 एबी, 8850 से ड्यूटी पर थाने जा रहे थे। सुब 9.45 बजे ढेका निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 वाय, 7943 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** रावत नाचा देखने निकले युवक की चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोविंदनगर नायक बाड़ा निवासी त्रिलोक नायक पिता स्व. राधेश्याम नायक ने रिपोर्ट लिखाई। 16 नवंबर को उनका चचेरा भाई राजू नायक 15 साल रात 10 बजे साथियों के साथ बन्नाक चौक में आयोजित रावत नाचा देखने निकला था। रात 2.10 बजे राजू नायक दोस्तों के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एजी, 8705 से तेलीपारा होते जा रहा था। वह कोतवाली चौक से गोलबाजार जाने के लिए आगे बढ़ा इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी।

# कोनी का अटल आवास जर्जर, कुदूदंड की महिलाओं का जाने से इनकार, नगर निगम का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा बैराज के डुबान क्षेत्र से प्रभावित कुदूदंड की महिलाओं ने सोमवार को नगर निगम का घेराव किया। महिलाओं ने कोनी स्थित जर्जर अटल आवास में शिफ्ट होने से इनकार करते हुए सवाल उठाया कि यदि खस्ताहाल मकान में कोई जनहानि होती है, तो इसकी जिम्मेदारी महापौर या आयुक्त में से कौन लेगा। महिलाएं विकास भवन में धरने पर बैठ गईं। बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

- अधिकारियों की समझाइश से मामला शांत, दी गई चेतावनी

ज्ञात हो कि तीन महीने पहले शिवघाट बैराज में अचानक पानी भर गया था। दरअसल सिंचाई विभाग ने पानी का बहाव और बैराज में इसकी टेस्टिंग के लिए ट्रायल किया था। इस दौरान अरपा के तटवर्ती कुदूदंड क्षेत्र की गली नंबर 1, 2, 3 और 4 के 20 से अधिक घरों में पानी भर गया था। पिछले 25-30 सालों से रह रहे इन परिवारों का गृहस्थी का सामान, अनाज, फर्नीचर और कपड़े खराब हो गए थे। प्रभावितों ने जल संसाधन विभाग द्वारा बिना मुनादी कराए बैराज में पानी भरने पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। इसके बाद प्रभावितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया गया।



कोनी स्थित जर्जर अटल आवास में शिफ्ट होने से इनकार करतीं महिलाएं।

### उसलापुर या अशोक नगर में मकान की मांग

प्रभावित महिलाओं ने महापौर पूजा विधानी से मुलाकात की और अपनी परेशानी बताई। महिलाओं ने कहा कि महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनकी सुविधा के अनुसार नजदीक के मकान में शिफ्ट किया जाएगा हालांकि, अब उन्हें बहुत दूर भेजा जा रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि चार महीने बाद बच्चों की परीक्षाएं हैं और इस तरह अचानक स्थानांतरण से उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। महिलाओं ने यह भी कहा कि वे किसी भी कीमत पर कुदूदंड का अपना मकान खाली नहीं करेंगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि या तो उन्हें उसलापुर या अशोक नगर में रहने लायक पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा वे आंदोलन के लिए तैयार हैं।

### 42 लोगों को मकान आबंटित

इधर निगम के अधिकारियों के मुताबिक कुदूदंड बैराज के डुबान क्षेत्र में रहने वाले 42 परिवारों को कोनी स्थित आवास आबंटित कर दिया गया है। महिलाओं की इस शिकायत पर कि पंजीयन के लिए उन्हें दो अलग अलग पत्र दिए गए हैं, जिसमें किसी में 3 तो किसी में 5 हजार पंजीयन शुल्क मांगा गया है। उन्होंने कहा कि आईएचएसड़ीपी आवास के लिए 3 हजार का शुल्क निर्धारित है। 5 हजार का शुल्क प्रधानमंत्री आवास के लिए है, जिसका पंजीयन 3 साल पुराना है।

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने किया मैनपाट का शैक्षणिक भ्रमण

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लोबसांग जैविक उद्योग, सरभंजा, मैनपाट, संस्था के प्राचार्य डॉ एमएम वैष्णव के मार्गदर्शन एवं संकायाध्यक्ष अशोक मिश्रा के संरक्षण में कराया गया। लोबसांग जैविक उद्योग, सरभंजा, मैनपाट में छात्र-छात्राओं को जैविक वस्तुओं के उत्पादन में होने वाले लागत, कच्चा माल, विपणन एवं विक्रय संबंधी जानकारी दी गई। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सिर्फ मैनपाट उत्पादन में होने वाले ताऊ फसल एवं उसके उत्पादन में लगने वाले कच्चा माल, लागत एवं विक्रय के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को मैनपाट के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ अनु रमन, शिव कुमार एवं गुलशन देवांगन उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन



**चैतमा।** कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार बंजारे शिविर संयोजक के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत डोडकी में नशा मुक्त समाज के लिए युवा ग्रामीण शिविर 17 से 23 नवम्बर तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमिला पैकरा सरपंच, विशिष्ट अतिथि महेश सिंह कंवर सरपंच प्रतिनिधि, मीना सागर, रामकुमारी, देवकी गुप्ता, प्रेम सिंह, प्रधान पाठक शिक्षक बीआर भारिया, पवन कुमार पैकरा, क्रांति कुमार जाटवर, नीतू कुमारी साहा, मालती कंवर, शिविर सहयोगी मुरारी लाल धीवर,सुरेन्द्र सिंह नेटी, चंद्रमुखी साहू,आशिष उपाध्याय की उपस्थिति में किया गया। सरपंच प्रमिला पैकरा ने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि व्यक्ति की सोच, क्षमता, भविष्य और परिवार सब पर बुरा प्रभाव डालता है। उनका उद्देश्य होना चाहिए स्वस्थ युवा, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र। नशा छोड़कर सकारात्मक जीवन अपनाना ही एक उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हुआ आयोजन



**कोरबा।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय कोरबा के राजीव गांधी ऑडिटोरियम, ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी विकास विभाग द्वारा किया गया। जिसमें उत्तर छग क्षेत्रीय लोकनृत्य महोत्सव एवं शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव अंतर्गत शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित 10 जनजातीय नर्तक दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी नर्तक दल अपने स्वयं के वाहनों से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। निर्णायक समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें प्रथम पुरस्कार रूपये 50 हजार ग्राम घोटमार, ग्राम पंचायत गेरांव, विकासखंड कोरबा-जय ठाकुर देव महिला करमा पार्टी, द्वितीय पुरस्कार रूपये 25 हजार - ग्राम पंचायत सुवरलोट, विकासखंड करतला-जगदम्बा महिला करमा पार्टी, तृतीय पुरस्कार रूपये 15 हजार-ग्राम मौहाडीह, विकासखंड कटघोरा-जय भवानी करमा नृत्य पार्टी और सांत्वना पुरस्कार रुपये 10 हजार ग्राम मातमार, ग्राम पंचायत मुढ़ूनारा, विकासखंड कोरबा-झमाझम करमा पार्टी को दिया गया।

## निधन

### दिलीप तांडी



**कोरबा।** रविशंकर नगर निवासी व सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी दिलीप कुमार तांडी (64 वर्ष) का सोमवार तड़के निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे बीकन स्कूल रजगामार के प्राचार्य दीपक तांडी के बड़े भाई एवं राजेश तांडी, रितेश तांडी, राहुल तांडी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार राताखार कब्रस्तान में किया गया। इस दौरान बढ़ी संख्या में परिवार परिजन शामिल हुए।

## रोजाना जाम की स्थिति हो रही निर्मित, आमजन हो रहे हलाकान

# कटघोरा में अतिक्रमण की भरमार, प्रशासन की लापरवाही से दुकानदारों के बढ़े हौसले



दुकान के बाहर लगा दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में अतिक्रमण की स्थिति अब बेकाबू होती जा रही है। नगर पालिका परिषद कटघोरा व विपरण सहकारी समिति के द्वारा न्यू बस स्टैंड परिसर के अंदर बनाए गए काम्प्लेक्स में दुकान के आगे आने जाने के लिए गैलरी बनाया गया था, लेकिन दुकानदारों के द्वारा गैलरी को कब्जा कर अपनी दुकानों को आगे बढ़ाकर प्रशासन के सभी मानकों को ताक पर रख दिया है। दुकानदारों के द्वारा दुकानों के बाहर प्लेटफॉर्म बनाकर अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया है, जिससे बस स्टैंड का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है, जबकि इस बस स्टैंड से अम्बिकापुर, बनारस, बिहार, चिरमीरी, सूरजपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायपुर के लिए सैकड़ों से भी ऊपर बसों का संचालन होता है। दुकानदारों के द्वारा आने जाने वाले राहगीरों के लिए बनाए गए गैलरी को पूरी तरह से बंद कर स्वयं के लिए कब्जा कर लिया गया है। इतना ही नहीं ठेले और अस्थायी दुकानें भी इधर-उधर जहां जगह मिलती है। वहीं लगा दी जाती हैं इस वजह से बसों के खड़े होने की जगह कम पड़ रही है और यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो रही है यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर के प्रमुख शहीद वीर नारायण चौक से बिलासपुर मार्ग, कोरबा मार्ग व अम्बिकापुर मार्ग तक अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। फल, सब्जी, मोबाइल, चाय-पान और गुटखा की दुकानें सड़क किनारे कतार में लग चुकी हैं। इससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है।

### नगर पालिका की उदासीनता से दुकानदारो के बढ़ रहे हौसले

नगर पालिका परिषद के द्वारा समय-समय पर दुकानदारदारों को चेतावनी और नोटिस जारी किए जाते हैं, लेकिन वास्तविक कार्यवाही न होने के कारण दुकानदारों और ठेले वालों के हौसले बुलंद हो गए हैं। दुकानदारों के द्वारा कुछ दिनों के लिए अतिक्रमण हटाने के बाद वही दुकानें दोबारा सड़क पर सज जाती हैं। प्रशासन की यह ढिलाई नगर की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। नगर पालिका द्वारा चौपाटी का निर्माण कराया गया था ताकि ठेले वालों को व्यवस्थित स्थान मिल सके लेकिन आज भी चौपाटी में कई दुकानो के लिए जगह खाली पड़ी हैं, जबकि ठेले वाले चौपाटी को छोड़कर मुख्य मार्गों और बस स्टैंड परिसर में ही अपनी दुकानें चला रहे हैं नगर की जनता प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है लोगों का कहना है कि जब तक प्रशाशन के द्वारा सख्त कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक अतिक्रमण की समस्या खत्म नहीं होगी नागरिक चाहते हैं कि नगर पालिका जल्द ही अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए, ताकि नगर फिर से स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित दिखाई दे।

### छात्राओं को बना रहता है खतरा

चौक में ही कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्राएं अध्ययन करती है चौक में ठेला लगने से असमाजिक तत्वों का ठेलों में जमावड़ा लगा रहता है, जिससे छात्राओं को दिन भर व खासकर छुट्टी होने के पश्चात हमेशा खतरा बना रहता है। इसकी जानकारी कई बार सम्बंधित अधिकारियों को दी गई है। नगर प्रशासन भी शायद किसी बड़ी अनहोनी होने का मानो इंतजार कर रहा हो। कटघोरा नगर की स्थिति फिलहाल चिंताजनक है। अतिक्रमण न केवल नगर की सुंदरता बिगाड़ रहा है, बल्कि आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। प्रशासन यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाता है तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है, नगर की जनता अब इंतजार कर रही है एक ऐसी निर्णायक कार्रवाई का, जो अतिक्रमण मुक्त, साफ-सुथरे और व्यवस्थित कटघोरा की दिशा में पहला कदम साबित हो सके।

## हेल्थ न्यूज

### गंभीर रूप से कुचले हुए हाथ को सफल सर्जरी से मिली नई जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिद्धि विनायक अस्पताल, कोरबा में एक अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण केस का सफल उपचार किया गया। 45 वर्षीय अभय राज पटेल, निवासी सीधी मध्य प्रदेश को दाएँ बांह और हाथ में गंभीर चोट आई थी। जिसमें मांसपेशियाँ, हड्डियाँ, टेंडन तथा नसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मरीज को तुरंत सिद्धि विनायक अस्पताल, कोरबा में भर्ती किया गया। जहाँ डॉ.शतदल नाथ, वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन ने स्थिति का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि हाथ की हड्डियाँ कई टुकड़ों में टूट चुकी थीं तथा मांसपेशियों और टेंडन में कुचलने से चोट थी। चोट की गंभीरता को देखते हुए दो चरणों में ऑपरेशन करने की योजना बनाई गई। पहले चरण में फ्रैक्चर को स्टेबलाइज करने और घाव को भरने का अवसर देने के लिए एक्सटर्नल फिक्सेशन किया गया। जिससे हड्डियों को सुरक्षित रूप से सहारा मिल सका। लगभग 2 माह के अंतराल के बाद दूसरे चरण में प्लेट द्वारा फाइनल फिक्सेशन किया गया। यह सर्जरी अत्यंत चुनौतीपूर्ण रही क्योंकि फोरआर्म और हाथ की संरचना में गंभीर विकृति व जटिलता थी।इसके बावजूद डॉ.नाथ और उनकी टीम ने चुनौती को स्वीकार किया और लगभग 3.5 घंटे लंबी इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. शतदल नाथ ने इस सफलता का श्रेय अपनी समर्पित सर्जिकल टीम, ईश्वर की कृपा तथा माता-पिता के आशीर्वाद को दिया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया भगवान सहस्रबाहु की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत करती समाज की महिलाएं।

जय सहस्रबाहु जय कलार के गूँजते जयघोष लहराते विजय ध्वज हाथ में लिए तलवार, बुलेट में होकर सवार होकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नाचते गाते झूमते भक्तों, कल्चुरी कलार वंशजों का समूह शोभायात्रा में नजर आए। नगर पालिका दीपका में रविवार की दोपहर कुछ ऐसा ही मनोहारी नजारा नजर आया। जिसने कालाहीरा की नगरी दीपका को ऊर्जा, आस्था एवं उल्लास से सराबोर कर दिया।

झांकी में शामिल सर्वप्रथम बुलेट चलाती समाज की 10 महिलाएं और युवतियाँ उसके पीछे कलचुरी समाज की कुल देवी माँ महामाया, नारी स्वाभिमान और त्याग की प्रतिमूर्ति बहादुर कलारिन छत्तीसगढ़ अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य और आकर्षक झाँकिया निकाली गई। उसके बाद महिलाओ की कर्मा नृत्य दल फिर समाज के लोग। पहले महिलाएं और बाद मे पुरुष धमाल की धुन मे नाचते गाते जयघोष लगाते माँ समलाई मंदिर दीपका से नगर भ्रमण करते हुए प्रगति नगर कॉलोनी अंबेडकर पार्क के सामने भगवान सहस्त्रबाहु के मूर्ति अनावरण स्थल पर पूजा पाठ करके शोभायात्रा का समापन किया गया। समरोह में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कलचुरी वंश का गौरवपूर्ण इतिहास है जिले का तुमान और रतनपुर राजधानी रहा है जहां जिसका प्रमाण वंहा जाकर देखा जा सकता है। हाल ही मे इस विषय पर एक शोध हुआ है उन्होंने कहा कि शराब बनाना कभी भी कलारो का कार्य नहीं रहा है परिस्थिति जन्य कुछ लोग आय अर्जित करने के लिए बेचने का कार्य जरूर करते थे। इस मौके पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि कलार समाज सदैव अग्रणी रहा है आज उनकी एकता दिख रही है। एचएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव ने कहा कि कलार जाति के पूर्वज वर्षों से कटघोरा क्षेत्र में नेतृत्व करते आए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज राय प्रदेश अध्यक्ष कलचुरी समाज ने आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक मनोज महतो प्रदेश उपाध्यक्ष कलचुरी कलार समाज ने दिया उन्होंने अपनी भाषण में दीपका क्षेत्र मैं स्थित शासकीय अस्पताल को 50 बिस्तर वाले अस्पताल के रूप में उन्नयन करने व समाज के लिए एक सामुदायिक भवन की मांग की। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम कँवर पूर्व विधायक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल,हरीश परसाई सांसद प्रतिनिधि, सर्ववर्गीय जायसवाल समाज के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, प्रगतिशील कनौजिया जायसवाल कलार समाज के अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल भी उपस्थित थे। अतिथि के हाथो उत्कृष्ट सम्मान डॉ रामगोपाल कश्यप कटघोरा को वैज्ञानिक के रुप मे दिया गया। वंही छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार कीर्ति प्रकाश जायसवाल को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वरी जायसवाल ने किया।

### बक्साही एवं उतरदा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 15 नवम्बर से धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया है। इसी कड़ी में पाली विकासखंड के बक्साही एवं उतरदा धान उपार्जन केंद्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा धान विक्रय के लिए आए किसान का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया साथ ही तौल मशीन एवं अन्य उपरकणो की पूजा अर्चना कर विधिवत शुरुआत की। बक्साही उपार्जन केंद्र में कृषक बूंदलाल मरकाम द्वारा 30 क्विंटल धान विक्रय किया एवं उतरदा समिति में कृषक श्री समुंद सिंह सरोते द्वारा 27.20 क्विटल धान विक्रय किया गया। कृषक बूंदलाल ने बताया कि केंद्र पर व्यवस्थाएं अब सुव्यवस्थित और पारदर्शी हैं। ऑनलाइन टोकन प्रणाली से धान विक्रय सरल और समयबद्ध हो गया है। इसी प्रकार कृषक सरोते ने सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों की सराहना की और कहा कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। इस दौरान क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, खरीदी प्रभारी, सहकारिता निरीक्षक, खरीदी केंद्र नोडल और शाखा प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) जो एनएबीएच से मान्यता प्राप्त है, ने अपनी स्थापना की 11वीं वर्षगांठ को रविशंकर नगर स्थित मल्लिक वाटिका में हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी, एडीसी डायरेक्टर डॉ. वंदना चंदानी तथा हॉस्पिटल की पूरी टीम द्वारा दीप प्रज्वलन और स्थापना दिवस का केक काटकर किया गया। डॉ. चंदानी ने कहा कि मरीजों की सेवा से लेकर अस्पताल के संचालन तक आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आपके समर्पण के कारण ही एनकेएच ग्रुप ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह सहयोग और विश्वास आगे भी इसी तरह बना रहेगा। उन्होंने बताया कि एनकेएच ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अनेक नए आयाम स्थापित करते हुए मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार, भरोसा और संवेदनात्मक देखभाल प्रदान करने का संकल्प निरंतर निभाया है। लोगों के बढ़ते विश्वास ने एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स को नई पहचान और मजबूती प्रदान की है। स्थापना दिवस समारोह में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें एनकेएच ग्रुप के सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और सेवा के आधार पर सम्मानित किया गया। एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर, डिपार्टमेंट अवॉर्ड्स, एनकेएच, एडीसी, मेडजोन सहित और भी स्पेशल कैटेगरी अवॉर्ड समेत कई महत्वपूर्ण पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नृत्य, गायन, नाटक, रैंप वॉक सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश चंदानी द्वारा किया गया।

# कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा बालको : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उद्योग किसी भी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाते हैं और बालको इस दिशा में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। औद्योगिक विकास से स्थानीय जीवन स्तर में सुधार होता है और आसपास का व्यापार भी गति पकड़ता है। कर्मचारियों के कल्याण के लिए बालको द्वारा किए जा रहे प्रयास उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह बहुमंजिला भवन इन्हीं प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा बालको औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भारत एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने कर्मचारियों की आवासीय सुविधाओं के लिए निर्मित किए जाने वाले जी-9 जिला आधुनिक आवासीय भवन परियोजना का शिलान्यास के दौरान कही। बालकोनगर सेक्टर-6 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में बालको के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए। शिलान्यास समारोह में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना कर्मचारियों को आधुनिक, सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को साकार करने में छत्तीसगढ़ सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। बालको की वन मिलियन टन विस्तार परियोजना न केवल क्षेत्रीय प्रगति को गति दे रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य के धातु के तौर पर पहचान बना चुका एल्यूमिनियम वजन में हल्का, अधिक टिकाऊ और मजबूत होने के कारण औद्योगिक विकास, ऊर्जा परिवर्तन और विकसित भारत के निर्माण में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित 9 मंजिला भवन में आधुनिक डिजाइन, उच्च सुरक्षा मानक, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था तथा सामुदायिक उपयोग की सुविधाएँ शामिल होंगी। यह परियोजना क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नई मिसाल स्थापित करेगी।

# छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा को लेकर आप की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अध्यक्ष रिचर्ड लोगन के नेतृत्व में घंटाघर स्थित पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। रिचर्ड डेविड लोगन ने कहा कि यह बैठक संगठन का विस्तार करते हुए मजबूती प्रदान करना है, आम जनता आम आदमी पार्टी की रीति नीति से परिचित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। रविवार को पार्टी कार्यालय में चारों विधानसभा छेत्र से बड़ी संख्या मे पहुंचे लोगों को जिलाध्यक्ष श्री लोगन और प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतिमा सिंन्हा ने पार्टी की सदस्यता दिलाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में, 15 नवंबर को, छत्तीसगढ़ में अपनी प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा की शुरुआत की है। और इसका उद्देश्य राज्य के जल, जंगल, जमीन और स्थानीय अधिकारों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को उठाना है। यह यात्रा जब कोरबा पहुंचेगी तो हम साथ मिलकर यात्रा को सफल बनाएंगे। इस दौरान पार्टी सदस्यता लेने वालों में पूर्व रामपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी लता सिंह, (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) कमल सिंह धुर्वे, पाली से विनोद कुमार, कटोरी नागोई से ईश्वर सिंह, आशीष लाल, नीलू दिवाकर, रूमगरा से पप्पू साहू, निर्मला साहू, पूजा साहू, रिते श्याम, रंजीत ठाकुर, उपेंद्र कुमार, लता, सुनीता लश्कर, रजनी अग्नाशा गजरीबाई राम कुमारी द्रौपदी यादव कुदारी नवीना ठाकुर मीना साहू पवन पूजन सिंह उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भूविस्थापितों ने घेरा...

होगा। अधिकारियों ने रोजगार के मामले में बैठक कर कार्यवाही तेज करने के साथ सभी मांगों पर जल्द निराकरण और अर्जन के बाद जन्म वाले रोजगार प्रकरणों पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने अधिकारियों से कहा कि एसईसीएल को कार्य धरातल पर करते हुए कार्यों का रिजल्ट दिखाना होगा। हर बार आंदोलन के बाद झूठा आश्वाशन प्रबंधन देता है जब तक निर्णायक निर्णय भूविस्थापितों के पक्ष में नहीं होगा तब तक आंदोलन चलता रहेगा। किसान सभा के नेता दीपक साहू ने भूविस्थापितों की समस्या के समाधान के लिए 20 नवंबर को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का महाघेराव भी किया जाएगा।

## कोरबा मार्केट


गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

VASUNDHARA
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
ESTD. 2001
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur, (CG.) - 497001
APPOINTMENT 2026-27

| Open Positions | No. of Post | Essential Qualification | Experience Required |
|---|---|---|---|
| Vice Principal (Female Only) | 1 | Post Graduation + M.ED/B.ED | Minimum 3 years experience as Vice Principal or 5 years as Co-ordinator cum PGT (Ph.D will be Preferred) |
| Art & Craft Teacher | 2 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| TGT Sanskrit | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| TGT/PRT Hindi | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Librarian | 2 | Graduation + B.Lib/M.Lib/Diploma | 2 years |
| HR (Female Only) | 2 | BBA/MBA | 2 years |
| PRT English | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Mother Teacher (PPRT) | 5 | Graduation + NTT | 2 years |
| Associate Teacher | 5 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| Front Desk Executive (Public Relation) | 2 | BBA/MBA | 2 years |

• PGT for all Subjects required, Minimum 3 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
• TGT Science, SST, Computer required, Minimum 2 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
Kindly Note: • Fluency in English is a must. • Salary no bar for deserving candidates. • Apply at: careers@brilliantabkp.com with a cc to bpsv@brilliantabkp.com before 15th December 2025 or you can submit directly to our school office between 09:00 am to 03:00 pm.
WhatsApp/Contact: 9244320300 brilliantabkp.com


### शपथ पत्र

मैं आशीष कुमार शराफ, उम्र 43 वर्ष, पिता रघुवर शराफ, निवासी एम.आई.जी. 514 हिमालयन हाईट्स फेस-2, डूमरतराई, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ किः-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार कार्ड नंबर 5854 7024 3782 है।
2. यह कि, मेरे पुत्र जैन पब्लिक स्कूल रायपुर में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है जिसके स्कूली दस्तावेजों में उसका नाम आरव शराफ (AARAV SHARAFF) दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण में उसका नाम अरव कुमार सराफ दर्ज है।
4. यह कि, अंक सूची में आरव शराफ पिता आशीष कुमार शराफ दर्ज है जो सत्य एवं सही है एवं माता का नाम अणिमा शराफ दर्ज है जो सत्य एवं सही है। इस अंक सूची के आधार पर मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में आरव शराफ (AARAV SHARAFF) पिता आशीष कुमार शराफ (Ashish kumar SHARAFF) माता अणिमा शराफ (ANIMA SHARAFF) दर्ज कराना चाहता हूं।
5. यह कि, मैं समस्त नियम एवं शर्तों का पालन करने हेतु तैयार हूं।
6. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे आवश्यकतानुसार संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**आशीष कुमार शराफ**
**शपथकर्ता**

### न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202511050700040 अ-6/2025-26**
**ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील-कटघोरा**

एतद् एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरचरन सिंह पिता जरनैल सिंह, जाति-सिख्ख, निवासी कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10 तहसील कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 178/34 रकबा 0.028 कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.028 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में जसवंती कौर बे. जनरैल सिंह, गुरूचरण सिंह पिता जनरैल सिंह के नाम पर भूमिस्वामी हक में व्यपवर्तित भूमि दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार जसवंती कौर बेवा जनरैल सिंह की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 01/12/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### जेसीआई कोरबा सेंट्रल का चुनाव सम्पन्न, त्रिलोकी बने अध्यक्ष

**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल की वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को ब्लू डायमंड में संपन्न हुआ। जिसमें सीए त्रिलोकीनाथ बजाज को अध्यक्ष, सीए अंकित अग्रवाल, जेसी हर्ष गुप्ता व जेसी अभय अग्रवाल को उपाध्यक्ष, जेसी निश्चल टमकोरिया को सचिवय डॉ ज्योतिबाला, जेसी प्रवेश अग्रवाल व जेसी अभिषेक अग्रवाल को निदेशक के पद के लिए निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही जेसीरेट विंग की अध्यक्षा हेतु श्रीमती अंशु अग्रवाल को एवं सचिव हेतु श्रीमती रजनी अग्रवाल को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सीए आशीष अग्रवाल व जेसी उत्कर्ष अग्रवाल को वर्ष 2026 के लिए समन्वयक नियुक्त किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी जेसी उत्कर्ष अग्रवाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी जेसी सन्नी मित्तल व जेसी आनंद अग्रवाल रहे।

### सीमा को मिला बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में तीसरा स्थान

**कोरबा।** जिले के पीएम श्री सेजेस बालको नगर में



पदस्थ व्याख्याता श्रीमती सीमा स्वर्णकार ने विगत दिनों इस सीईआरटी रायपुर के तत्वावधान में रजत जयंती महोत्सव में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेले का राज्य स्तरीय चार दिवसीय आयोजन 12 से 15 नवंबर तक पीएम श्री सेजेस जशपुरनगर में आयोजित किया गया। इस आयोजन में छतीसगढ राज्य के पांच संभाग के 9 जोन से 5 सौ प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग लिये। प्रतियोगिता का मुख्य कथानक विकसित और आत्मनिर्भर भारत रहा। उपकथानक शिक्षक सहायक सामग्री टीएलएम था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को सहज और सरल गणित के नवाचार पर प्रस्तुति श्रीमती सीमा स्वर्णकार के द्वारा प्रदर्शित किया गया जिसे राज्य स्तर पर बहुत सराहा गया और प्रतियोगिता में इन्हें तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। अब सीमा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में छतीसगढ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सोमेश नारायण ने यूनिवर्सिटी के टॉप 6 में बनाई अपनी जगह

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय



द्वारा घोषित एलएलबी परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार छात्र सोमेश नारायण सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 हजार में से 2103 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में छठवां स्थान तथा ज्योति भूषण प्रताप सिंह लॉ कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले एवं महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। सोमेश नारायण सिंह अधिवक्ता शेखर राम सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में समाज और न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। सोमेश ने अपने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, परिवार और सहयोगियों के मार्गदर्शन और समर्थन को दिया है।

### रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गोर्खाली समाज ने किया पुरस्कृत

**कोरबा।** अशोक वाटिका परिसर में रविवार को प्रांतीय गोर्खाली समाज के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भईलो में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति में भाग लेने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक जगन लाल, केबी गौतम, असीम थापा, नरेन्द्र गुरूंग, प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरूंग, प्रांतीय सचिव श्रीमती ललिता सिंह, कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा, उपकोषाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, प्रांतीय सांस्कृति सचिव श्रीमती माया थापा, ब्लाक अध्यक्ष सीबी थामी, श्रीमती माया थापा ब्लाक सांस्कृति सचिव श्रीमती शशि थामी, वरिष्ठ सलाहकार नूरराज शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती शशिकला, ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा, आजीवन सदस्य डीबी सुब्बा, राज बहादुर सुब्बा, श्रीमती नीलू सुब्बा, श्रीमती नीलिमा सुब्बा श्रीमती रुक्मिणी शर्मा, श्रीमती उमा शर्मा, रायपुर सेआयी श्रीमती मीनू थापा, श्रीमती रेशमा श्रेष्ठ सहित परिजन एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### 55 सहकारी समितियों के द्वारा संचालित हो रही हैं पीडीएस दुकान

# हड़ताल, 22 समितियों के पीडीएस दुकानों में एक पखवाड़े से खाद्यान्न का वितरण है ठप्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से 22 समितियों के द्वारा संचालित पीडीएस दुकान से एक पखवाड़े तक खाद्यान्न का वितरण ठप रहा और इस दौरान

**खास बात**

- खाद्य विभाग ने दूसरे दुकानों मे समायोजित करने की शुरु की कार्यवाही



फाइल फोटो

**22 दुकानों में वितरण नहीं**

ग्रामीण अंचलों में 55 लैम्प्स के द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जाता है। जिसमें 22 समितियों ने खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं किया है। इसलिए इन पीडीएस दुकानों को आसपास की दुकानों में समायोजित किया जा रहा है।
- **जी एस कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

**समितियों के गोदाम में डंप रहा खाद्यान्न**

नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा ग्रामीण अंचल के सभी पीडीएस दुकानों में खाद्य सामग्रियों का भंडारण नवंबर महीने के पहले सप्ताह में ही कर दिया गया था। उसके बावजूद खाद्यान्न का वितरण नहीं होने के कारण चावल, चना और शक्कर जैसी सामग्री बीते एक पखवाड़े तक डंप रही। ये सभी दुकानें जिले के पांचों विकासखंड के अंतर्गत आती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी खाद्यान्न सामग्री वितरण नहीं होने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई।

**250 कर्मचारी हैं हड़ताल पर**

एक पखवाड़े से चल रही सहकारी समितियों के हड़ताल में जिले के 250 कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं जिनके द्वारा संभागीय मुख्यालय में दिए जा रहे धरने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। इधर जिला प्रशासन ने 3 समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए एक समिति प्रबंधक सहित डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष को पहले ही बर्खाश्त कर दिया है।

इन दुकानों के अंतर्गत आने वाले हजारों हितग्राहियों को नवंबर माह का खाद्यान्न आज दिनांक तक नहीं मिल सका है और अब एक पखवाड़े के बाद खाद्य विभाग ने इन 22 दुकानों को आसपास के दुकानों में समायोजित करने की कार्यवाही शुरु किया है।

बीते एक पखवाड़े तक 22 समितियों से पीडीएस के खाद्यान्न वितरण का कार्य ठप रहा और इनके हितग्राही खाद्यान्न के लिए चक्कर काटते रहे और इतने दिनों तक खाद्य विभाग समिति के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने का इंतजार करता रहा और अब जब शासन ने हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ एस्मा के उल्लंघन पर ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरु की तो खाद्य विभाग नींद से जागा और पखवाड़े भर बाद जिन दुकानों से खाद्यान्न का वितरण नहीं हुआ है उन्हें आसपास की दुकानों में समायोजित करने का निर्णय लिया है ताकि खाद्यानों का वितरण शुरु हो सके। जिले के ग्रामीण अंचलों में पीडीएस दुकानों का संचालन तीन स्तर पर किया जा रहा है। पहला ग्राम पंचायत के द्वारा, दूसरा महिला स्व सहायता समूह, तीसरा लैम्प्स (सहकारी समिति) के द्वारा दुकानों का संचालन किया जाता है। इनमें 55 दुकानों का संचालन सहकारी समिति के जिम्मे है इनमें 22 समितियां ऐसी हैं जिनमें पूरी तरह से ही पीडीएस की खाद्यान्न सामग्री का वितरण हुआ ही नहीं। शेष दुकानों में भी वितरण का कार्य नियमित रुप से नहीं किया जाता रहा है।

## डकैतों के गिरेबांह तक पहुंची पुलिस गांव से ही जुड़ा हो सकता है तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक किराना कारोबारी के घर विगत दिनों सशस्त्र डकैती को पुलिस ने लगभग सुलझा लिया है। डकैती की वारदात में गांव के ही लोगों का हाथ होने की संभावना जतायी जा रही है। पुलिस की टीम अलग अलग स्थानों में छापामारी कर सामान बरामद करने में लगी हुई है। संभवनः जतायी जा रही है

**खास बातें**

- बालको थाना के सोनगुड़ा तराईडांड़ में विगत दिनों हुई थी लाखों की डकैती
- आज पुलिस कर सकती है खुलासा

कि मंगलवार को पुलिस इस डकैती कांड का खुलासा करेगी।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना के सोनगुड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम तराईडांड़ निवासी शत्रुघ्न दास महंत के घर विगत दिनों देर रात को सशस्त्र हथियारबंद डकैतों ने उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया और घर लगभग डेढ़ दर्जन डकैत एक एककर घर के भीतर घुसकर घर में मौजूद तीन महिला सहित कुल 11 सदस्यों को बंधक बना लिया और उनके हाथों को रस्सी से बांधकर मारपीट की घटना की अंजाम देते हुए घर में रखे डेढ़ लाख रुपये नगद, सोने चांदी के जेवराज सहित लाखों का माल लेकर फरार हो गए थे। वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देश पर डकैतों की धरपकड़ के लिए पुलिस की आधा दर्जन टीम गठित की गई थी जो पिछले कई दिनों से दिन रात डकैतों के धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी। सूत्र बताते हैं कि डकैतीकांड में शामिल लोगों को पुलिस ने दबोच लिया है। गांव के ही कुछ लोगों का नाम सामने आ रहा है जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर डकैतीकांड के शामिल लोगों की धरपकड़ में जुटी हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि मंगलवार को पुलिस इस मामले का खुलासा हो सकता है। जिसके बाद साफ हो जाएगा कि आखिर किसने और क्यों साजिश को रची थी। पहले ही यह तय हो गया था कि डकैतों ने वारदात को अंजाम दिया और घर के लोगों के अलावा बाहरी अन्य लोगों की पल पल की जानकारी थी इससे यह साफ था कि किसी जानकार व्यक्ति या किसी परिचित की मिलीभगत हो सकती है।

## हाउसिंग बोर्ड बनाएगा 370 आवासों वाली लिफ्ट सुविधा की कालोनी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा लंबे समय के बाद अपनी आवासीय योजना को फिर से शुरु किया जा रहा है।

**खास बात**

- 30 नवंबर को राजधानी रायपुर में लॉन्च होगा नया प्रोजेक्ट

**इस तरह के बनेंगे आवास**

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा खरमोरा क्षेत्र में जिस लिफ्टयुक्त कालोनी का निर्माण किया जा रहा है उसमें एमआईजी, एलआईजी के साथ ईडब्ल्यूएस के आवास शामिल हैं। लगभग 80 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में बाउंड्रीवाल का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा रोड, नाली, स्ट्रीट लाइट एवं पॉवर बैकअप डीजी की भी सुविधा रहेगी। इस तरह से यह सर्वसुविधायुक्त वाली बोर्ड की यह पहली कालोनी होगी।

**निर्माण की मिली स्वीकृति**

खरमोरा क्षेत्र में नगर सेना कार्यालय के पीछे 5 एकड़ जमीन में अटल विहार योजना अंतर्गत प्रीमियम आवासीय कालोनी का निर्माण किया जाएगा जिसकी स्वीकृति मिल गई है। राजधानी रायपुर में 30 नवंबर को आयोजित होने वाले आवास मेला में इस प्रोजेक्ट को लॉन्च किया जाएगा।
- **योगेश कुमार पटेल,** ईई, हाउसिंग बोर्ड कोरबा

जमीन नहीं मिलने की वजह से पिछले कुछ सालों से योजना पर काम अटका हुआ था। अब नई आवासीय कालोनी के लिए बोर्ड को जमीन का आबंटन हो चुका है। खरमोरा क्षेत्र में होम गार्ड कार्यालय के पीछे लिफ्ट सुविधा वाली आवासीय कालोनी का निर्माण किया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा नई आवासीय कालोनी के निर्माण हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत खरमोरा वार्ड में होम गार्ड कार्यालय के पीछे रिक्त पड़ी 5 एकड़ की जमीन चिन्हांकित की गई थी लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से जमीन के आबंटन की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण कालोनी निर्माण का कार्य अटका हुआ था अब राज्य शासन के द्वारा हाउसिंग बोर्ड की आवासीय योजना के लिए होमगार्ड बटालियन के पीछे 5 एकड़ जमीन की स्वीकृति दे दी है। इस जमीन पर बोर्ड के द्वारा अपनी अटल विहार आवासीय योजना के अंतर्गत सर्वसुविधायुक्त 370 आवासों वाली बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी। जिसमें सभी प्रकार के आवास शामिल रहेंगे। निजी बिल्डर्स की तर्ज पर इस कालोनी में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी जिले में हाउसिंग बोर्ड की यह पहली कालोनी है जिसमें लिफ्ट की सुविधा रहेगी। अब तक हाउसिंग बोर्ड के द्वारा जितनी भी कालोनियों का निर्माण किया गया है उनमें किसी में भी लिफ्ट की सुविधा नहीं मिली है इससे ऊपर तल में निवास करने वाले बुजुर्ग व्यक्तियों को अपने आवास तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बोर्ड ने हितग्राहियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब अपने आवासीय परियोजना में लिफ्ट सुविधा भी शामिल किया है।

## नहीं थम रहा माल गाड़ियों के क्रॉसिंग पर अटकने का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सड़क में लगा लंबा जाम।

ट्रांसपोर्ट नगर और शारदा विहार स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या लगातार निर्मित होती जा रही है। ठंड के मौसम में मालगाड़ियों के इंजन बार-बार फेल होने से रेल यातायात रुक जाता है, जिसका सीधा असर सड़क मार्ग पर पड़ता है। सोमवार की सुबह भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिली, जब

**खास बात**

- शारदा विहार से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में परेशान रहे विद्यार्थी, कामकाजी और आमजन

उद्योगों की ओर जा रही एक मालगाड़ी का इंजन फेल हो गया और फाटक पर ट्रेन अटक गई। इसके कारण करीब दो घंटे तक यातायात ठप रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग और व्यापारियों को जाम में फंसना पड़ा, जिससे काफी लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके और नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या अब रोजाना उत्पन्न हो रहा है और लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से दोनों रेलवे फाटकों पर ऐसी समस्याएँ देखी जा रही हैं, लेकिन समाधान की दिशा में रेलवे की ओर से कार्यवाही नहीं की जाती है। उद्योगों का कहना है कि कोयले की सप्लाई के लिए उनका रेलवे से एग्रीमेंट है, इसलिए लॉजिस्टिक मैनेजमेंट और तकनीकी दिक्कतों को दूर करना रेलवे की ही जिम्मेदारी है। बताया गया है की मालगाड़ियों में क्षमता से अधिक वैगन जोड़े जाने और अधिक भार वाले रैक चलाने से इंजन ओवरलोड होकर फेल हो जा रहे हैं। भारी रैक रोक दिए जाने से फाटक बंद रहता है और आसपास का पूरा क्षेत्र जाम की चपेट में आ जाता है। जाम के दौरान कई वाहन चालकों ने इधर-उधर से निकलने की कोशिश की, जिससे व्यवस्था और बिगड़ गई। संकरी गलियों में वाहन फंसने से हालत ज्यादा खराब हो गई। परेशान नागरिकों ने रेलवे और प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार समस्या होने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। शहर में स्थित शारदा विहार, ट्रांसपोर्ट नगर और सीएसईबी चौराहा रेलवे क्रॉसिंग पर दिनभर मालगाड़ियों की आवाजाही चलती रहती है। कोयला परिवहन का मुख्य मार्ग होने के कारण इन फाटकों पर जाम लगना आम बात हो गई है। इससे सीएसईबी चौक, संजय नगर, शारदा विहार और ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में आवागमन घंटों प्रभावित रहता है।

## रेंकी चौक के पास पैरावट पर लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



भाटापारा रेंकी चौक में करण अहीर पिता बलदेव अहीर के पैरावट पर रविवार की देर शाम को भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना लोगों से मिलते ही करण अहीर ने थाना हरदीबाजार पर आग लगने की सूचना दिया। आग पर काबू पाने के लिए पुलिस कर्मियों द्वारा एसईसीएल दीपका एवं गेवरा दमकल विभाग को सूचित किया किंतु दमकल विभाग नहीं पहुंच पाया और पैरावट धूंधूं कर जल रहा था, आखिरकार बांधाखार जीटीपी मारुति कंपनी के द्वारा दमकल विभाग पहुंचकर पैरावट में लगे आग पर काबू पाया। पैरावट की चारों तरफ मकान बने हुए जहां पर परिवार निवासरत हैं जिसे मारुति वाशरी के दमकल विभाग ने काबू पाया। पीड़ति करण अहीर के द्वारा बताया गया कि यादव समाज के हैं घर में गाय बैल बछड़े रहते हैं जिसके लिए खाने पीने के लिए पैरावट का इकट्ठा करके रखा गया था। जिसमें लगभग साढे चार एकड़ का पैरा रखा हुआ था, आग लगने से करण अहीर को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। वहीं आसपास में निवासरत परिवार के लोग अपने बच्चों को लेकर घर से बाहर निकल गए थे। समय रहते यदि दमकल की टीम पहुंच जाती तो शायद इतना नुकसान नहीं होता।

### पोरा को मिली अच्छी पैदावार और बढ़ा समर्थन मूल्य बना संबल

**कोरबा।** जिले के ग्राम भैसमा निवासी किसान पोरा सिंह कंवर ने पिछले वर्ष अपने खेत में एचएमटी नस्ल का धान लगाया था। मेहनत के बल पर उन्हें कुल 145 क्विंटल धान का उत्पादन मिला। इस उपज को उन्होंने भैसमा उपार्जन केंद्र में बेचकर प्राप्त राशि का उपयोग घर-परिवार के जरूरी खर्चों में किया। इस वर्ष मौसम की मेहरबानी और किसान की मेहनत का पूरा लाभ उन्हें मिला है। किसान पोरा सिंह के अनुसार इस बार वे 180 क्विंटल धान बेचने जा रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने समय पर पंजीयन भी करा लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### धान खरीदी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों पर एस्मा के तहत कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# पारदर्शिता के साथ हो धान खरीदी की प्रक्रिया: वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर अजीत वसंत।

**हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान उठाव को मिलेगी प्राथमिकता**

बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि यदि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान खरीदी के लिए डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) जारी हो गया है, तो ऐसे क्षेत्रों से धान का उठाव प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इन केंद्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, खाद्य अधिकारी जीएस कंवर, उप संचालक कृषि डीपीएस कंवर, उप पंजीयक एमआर ध्रुव, सीसीबी नोडल सुशील जोशी एवं जिला विपणन अधिकारी ऋतुराज देवांगन उपस्थित रहे।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 15 नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने हेतु आज कलेक्टर कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी प्रक्रिया में बाधा पहुँचाने पर एस्मा के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने समिति प्रबंधकों की हड़ताल की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में धान की खरीदी पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो और किसी भी प्रकार के फर्जी धान की खरीदी न हो। कलेक्टर ने प्रत्येक समिति स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने एवं सब डिवीजन स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार शासकीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि धान खरीदी में किसी भी तरह की बाधा न उत्पन्न हो। कलेक्टर वसंत ने धान विक्रय होने पर कंप्यूटर में सही एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। नए कंप्यूटर ऑपरेटरों को एंट्री प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने और गलत प्रविष्टि रोकने के लिए सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन को किसी प्रकार का वित्तीय नुकसान न हो, इसका कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही किसानों को खरीदी केंद्र में किसी भी तरह की असुविधा न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411